GURUKUL INTERNATIONAL SR. SEC. SCHOOL
MODERNITY WITH TRADITION
AFFILIATED TO CBSE, NEW DELHI

प्रथम आवधिक परीक्षा (अप्रैल , 2023)

कक्षा – VIII विषय - हिंदी

समय -90 मिनट **कुल अंक-40**

सामान्य निर्देश:-

- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
- सभी प्रश्न क्रमानुसार करें।
- सुंदर लेख में लिखें।

भाग - क (अपठित बोध -5अंक)

प्रश्न 1-निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़ें और पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

सद्ग्रंथ मानव-समाज की अमूल्य निधि हैं। इस निधि की समानता में समाज के पास अन्य कोई संपत्ति नहीं। मानव अपने जीवन के लिए जो कुछ भी उत्तम की प्राप्ति करता है, उसमें सद्ग्रंथों का ही विशेष योगदान है। उत्तम ग्रंथ पुस्तकालय की शोभा मात्र ही नहीं हैं वरन मानवीय गुणों के विकास में भी ये प्रमुख भूमिका निभाते हैं। आप किसी भी विषय की अच्छी पुस्तक लीजिए वह आपकी ज्ञान वृद्धि करेगी। जीवन के ऊँचे आदर्शों की स्थापना भी ये ग्रंथ-रत्न करते हैं। सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् की त्रिवेणी का स्रोत इन्हीं ग्रंथों में है। ये मानव-जीवन के सच्चे साथी और एकमात्र हितैषी हैं। मानव एक-दूसरे को धोखा दे सकता है, किंतु एक अच्छा ग्रंथ सर्वोच्च सुख की अनुभूति प्रदान करता है। जिस प्रकार अच्छे ग्रंथ मानव कल्याण के वाहक हैं, उसी प्रकार बुरी पुस्तकें उतनी ही हानिकारक हैं। ऐसी निम्न श्रेणी की पुस्तकें सदैव त्याग करने योग्य हैं।

1. मानव - समाज की अमूल्य निधि क्या हैं?

2. सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् की त्रिवेणी का स्रोत हैं-?

3. अच्छे ग्रंथ की क्या विशेषता है?

4. बुरी पुस्तकों के साथ क्या करना चाहिए?

5. उपयुर्क्त गद्यांश को उचित शीर्षक दें।

भाग - ख (व्याकरण - 8 अंक)

प्रश्न 2-' चैन' तथा ' वचन' शब्द के पर्यायवाची लिखिए- (1)

प्रश्न 3-निम्नलिखित विशेषण शब्दों के सामने उचित विशेष्य लिखिए - (1)

(i) विशाल (ii) सांसारिक

प्रश्न 4- कर्तृवाच्य के निम्नलिखित वाक्यों को कर्मवाच्य में बदलिए- (1)

(i) सबने ठेंगे दिखला दिए।

(ii) अम्मा ने इन गड्ढों को खुदवाया था।

प्रश्न 5- निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार अथवा अनुनासिक लगाकर लिखें

(1)

(i) डक (ii) काच

प्रश्न 6- निम्नलिखित वाक्यों में विशेषण शब्दों के भेद का नाम लिखिए- (1)

(i) इस घर में पंद्रह लोग रहते हैं।

(ii) चाय के लिए थोड़ा दूध बचा लो।

प्रश्न 7- निम्नलिखित मुहावरों कों अपने वाक्यों में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उनका अर्थ स्पष्ट हो जाए- **(1)**

(i) दिन-रात एक करना

प्रश्न 8- निम्नलिखित वाक्यों में उचित निपात का प्रयोग करें - **(1)**

(i) तुम्हें आज रात रुकना ______ पड़ेगा।

(ii) तुमने ____ हद कर दी।

प्रश्न 9 - ' दाता ' तथा ' इत ' प्रत्यय का प्रयोग करके दो शब्द लिखिए- **(1)**

भाग - ग (पाठ्य पुस्तक - 12)

प्रश्न 10 - निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्ही तीन प्रश्नों के उत्तर दें- **(2×3 =6)**

(i) व्यक्ति को अपने जीवन-काल में क्या करना चाहिए?

(ii) युद्ध पर जाने से पहले भैया घर तो आए, लेकिन अपनी पत्नि और बच्चों से नहीं मिले। क्यों?

(iii) भारत की पहली बोलती फ़िल्म कौन-सी थी और यह कब रिलीज़ हुई ?

प्रश्न 11 -निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर विस्तारपूर्वक दें- **(3×2=6)**

प्रश्न 1- कैबोर्न कौन थे ? और उन्होंने किस प्रकार फाल्के की मदद की?

प्रश्न 2:- लेखक ने बाबा का फ़ोटो साफ़ करके देवताओं के पास रख दिया था। क्यों?

प्रश्न 3 - अविवेक से कार्य करने वाले की हालत कैसी होती है?

भाग - घ (लेखन - 15)

प्रश्न 12 -निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखें - (5)

विद्यालय के प्रधानाचार्या को पत्र लिखें जिसमें फुटबॉल मैच आयोजित करने की अनुमति माँगी गई हो।

अथवा

आप छात्रावास में रहते हैं। छात्रावास से पिता जी को पत्र लिखिए,जिसमें घड़ी खरीदने के लिए कुछ रुपए भेजने का आग्रह किया गया हो।

प्रश्न 13 -निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए। (5)

'पुस्तक का महत्व'(संकेत बिंदु - पुस्तकें ज्ञान का प्रकाश स्तंभ , संस्कार के प्रचार का सबसे शक्तिशाली साधन, मनोरंजन का साधन)

अथवा

'आलस्य सबसे बड़ा शत्रु' (संकेत बिंदु - मानव जीवन का शत्रु, पराधीनता का कारण, कर्मशीलता के कारण लोकप्रियता)

प्रश्न 14 - क्या आपके मन में कभी सिनेमा या टी०वी० के परदे पर नज़र आने का विचार आता है। यदि हाँ, तो किस रूप में? एक ईमेल द्वारा अपने मित्र को अपनी आकांक्षा प्रकट कीजिए (5)

अथवा

अवसर मिलने पर आप अपने घर के आँगन में या आस-पास कौन-से फलदार वृक्ष लगाना पसंद करेंगे ? इस विषय पर मित्र को ई-मेल लिखें।